झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, रांची–834001
प्रेस विज्ञप्ति
महत्वपूर्ण सूचना

झारखण्ड न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिविजन) सीधी भर्ती एवं विशेष भर्ती (विज्ञापन सं0–10/2015 एवं 11/2015) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा का कार्यक्रम

झारखण्ड न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिविजन) सीधी भर्ती एवं विशेष भर्ती (विज्ञापन संख्या–10/2015 एवं विज्ञापन संख्या–11/2015) प्रारंभिक प्रतियागिता परीक्षा का कार्यक्रम निम्नवत् निर्धारित है :–

परीक्षा की तिथि	समय	विषय	स्वरूप	पूर्णांक
25.06.2016 (सीधी भर्ती विज्ञापन संख्या– 10/2015) **02.07.2016** (विशेष भर्ती विज्ञापन संख्या– 11/2015)	**10:30** बजे पूर्वाह्न से **12:30** बजे अपराह्न तक **02** (दो) घंटे	i. General English ii. General Knowledge (including Current Affairs) iii. The Code of Civil Procedure, 1908 iv. The Code Criminal Procedure, 1973 v. The Indian Evidence Act, 1872. vi. The Law of Contract, 1872. vii. The Indian Penal Code, 1860.	वस्तुनिष्ठ	100

संबंधित अभ्यर्थियों के लिए अनुदेश, प्रवेश–पत्र एवं उपस्थिति पत्रक से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएं निम्नवत् है :–

1. इस परीक्षा के अभ्यर्थियों को प्रवेश–पत्र डाक द्वारा नहीं भेजे जायेंगे।
2. आयोग के वेबसाइट **www.jpsc.gov.in** पर प्रवेश पत्र, अनुदेश एवं उपस्थिति पत्रक डाउनलोड कर परीक्षा में शामिल होने की व्यवस्था की गई है।
3. आयोग के वेबसाइट पर सीधी भर्ती (विज्ञापन संख्या–10/2015) हेतु दिनांक **17.06.2016** एवं विशेष भर्ती (विज्ञापन संख्या–11/2015) हेतु दिनांक–**24.06.2016** के अपराह्न से अभ्यर्थी प्रवेश पत्र, अनुदेश एवं उपस्थिति पत्रक संबंधित लिंक पर अपना **रजिस्ट्रेशन नं0 एवं जन्म तिथि** डालकर डाउनलोड कर सकते हैं। यदि अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र (Admit Card) प्राप्त करने में कठिनाई हो तो आयोग के **Helpline No. 0651- 2213009** पर कार्य दिवस में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 06:00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।
4. यदि प्रवेश पत्र डाउनलोड करते समय फोटोग्राफ/हस्ताक्षर/रौल नं0 बार कोड पर (X) का चिह्न आता है (जो इन्टरनेट स्पीड कम होने के कारण हो सकता है) तो प्रवेश पत्र पुनः डाउनलोड करें।
5. यदि कोई अभ्यर्थी किसी कारणवश वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र, अनुदेश एवं उपस्थिति पत्रक प्राप्त नहीं कर पाते हैं तो वे आयोग के पूछताछ काउन्टर पर सीधी भर्ती (विज्ञापन संख्या–10/2015) हेतु दिनांक **23.06.2016 एवं 24.06.2016** को तथा विशेष भर्ती (विज्ञापन संख्या–11/2015) हेतु दिनांक–**28.06.2016 एवं 29.06.2016** को कार्यालय अवधि में अपना रजिस्ट्रेशन नं0 एवं जन्म तिथि सहित आवेदन देकर प्राप्त कर सकते हैं।
6. अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वेबसाइट से डाउनलोड किये गए प्रवेश पत्र, उपस्थिति पत्रक एवं परीक्षा केन्द्र की जांच कर लें। यदि उनमें कोई त्रुटि हो तो आयोग के पूछताछ काउन्टर पर सीधी भर्ती (विज्ञापन संख्या–10/2015) हेतु दिनांक **23.06.2016 एवं 24.06.2016** को तथा विशेष भर्ती (विज्ञापन संख्या–11/2015) हेतु दिनांक–**28.06.2016 एवं 29.06.2016** को लिखित आवेदन देकर त्रुटि सुधार करा लें। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
7. अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश पत्र, उपस्थिति पत्रक, आवेदन के समय अपलोड किये गये फोटो की एक स्वहस्ताक्षरित प्रति (Passport size) एवं एक वैध (Valid) पहचान पत्र (फोटोयुक्त) अपने परीक्षा केन्द्र पर अवश्य साथ ले जायें, अन्यथा परीक्षा में सम्मिलित होने नहीं दिया जायेगा।
8. अभ्यर्थी अपने उत्तर पत्रक/ओ0एम0आर0 सीट में आवश्यक जानकारियां प्रविष्ट करने के पूर्व प्रवेश पत्र, ओ0एम0आर0 सीट के पार पृष्ठ पर अंकित अनुदेशों को भली भाँति पढ़कर ही प्रविष्ट करें। ओ0एम0आर0 पत्रक में सही एवं वांछित सूचनाएं अंकित/नहीं भरे जाने की स्थिति में अभ्यर्थिता रद्द कर दी जायेगी तथा अभ्यर्थी इसके लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे।
9. परीक्षा केन्द्र परिसर में मोबाइल फोन या अन्य कोई Electronic उपकरण (Gadget) रखने की अनुमति नहीं है। अतः अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे अपने परीक्षा केन्द्र पर कागज/पर्ची, मोबाइल फोन सहित प्रतिबंधित वस्तुएँ यथा बैग, पाठ्य–पुस्तिकाएँ, खाद्य–सामग्री, पानी की बोतल एवं अस्त्र–शस्त्र इत्यादि साथ नहीं लायें।

इन अनुदेशों का उल्लंघन किये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी के खिलाफ भविष्य में होनेवाली परीक्षाओं में बैठने पर रोक सहित दंडात्मक/अनुशासनिक कार्रवाई की जा सकती है।

10. परीक्षार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे परीक्षा आरम्भ होने की निर्धारित अवधि से 30 मिनट पहले परीक्षा भवन में पहुँचकर अपनी निर्धारित सीट पर बैठ जायें। परीक्षा प्रारम्भ होने के नियत समय के पश्चात् आनेवाले परीक्षार्थी परीक्षा भवन में प्रवेश के अधिकारी नहीं होंगे। केन्द्रधीक्षक विशेष परिस्थितियों में नियत समय से 15 मिनट विलम्ब तक आने वाले परीक्षार्थी को स्वविवेक से प्रवेश की अनुमति दे सकते हैं, किन्तु 15 मिनट के उपरान्त किसी भी परिस्थिति में परीक्षार्थी को परीक्षा–भवन में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
11. विकलांग कोटे के अभ्यर्थी श्रुतलेखक (Scribe) हेतु परीक्षा तिथि से 03 दिन पूर्व वांछित चिकित्सा प्रमाण पत्र सहित अपने केन्द्र पर उपस्थित होकर केन्द्राधीक्षक को प्रार्थना पत्र समर्पित करेंगे, जिसके आधार पर केन्द्राधीक्षक द्वारा इस निमित यथा निर्देशित व्यवस्था की जानी है।
12. अस्वीकरण के विरूद्ध प्राप्त अपील आवेदनों पर विचारोपरांत अंतिम रूप से स्वीकृत एवं अस्वीकृत अभ्यर्थियों की सूची दोनों विज्ञापनों हेतु दिनांक–**21.06.2016** से आयोग के वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची